केवि ने सीबीएसई परीक्षा में लहराया अपना परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ 12वीं के सभी छात्र प्रथम श्रेणी से हुए उत्तीर्ण

केवि धमतरी का परीक्षा परिणाम कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों में 100 प्रतिशत रहा। केवि के प्राचार्य गिरीश बाबू कुस्तवार ने सभी बच्चों को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दी। पीएल साहू ने बताया कि इस वर्ष कक्षा दसवीं में कुल 46 बच्चे सम्मिलित हुए । इनमें से 31 बच्चे प्रथम, 11 बच्चे द्वितीय एवं 4 बच्चों ने तृतीय श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। कक्षा दसवीं में लिया एंजेलिन मैथ्यू 95.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम और यश कुमार लच्छवानी 92.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा 12वीं की परीक्षा में कुल 21 परीक्षार्थी शामिल हुए। सभी बच्चों ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की। अमन ध्रुव 87.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम और हिमानी साहू 86.8 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रही। सुरेश देवांगन ने बताया कि पिछले वर्ष भी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत था। बच्चों की इस सफलता पर डीआर साहू, अमिता मैथ्यू, गोपी राम खोरवाल, कमलप्रीत कौर, एसके गिरी सहित स्कूल स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

लिया एंजेलिन मैथ्यू

यश लच्छवानी

अमन ध्रुव

हिमानी साहू